तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शुक्रवार 6 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 नशीले पदार्थों की तस्करी और इससे जुड़े लोगों पर हो सख्त ...



10 क्रांतिवीर कंगला मांझी की पुण्यतिथि पर हजारों...



## खबर संक्षेप



### 10 वीं व पांचवीं के बच्चों को लगा टीडी का टीका

**बेमेतरा।** घीवरी में स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हायर सेकेंडरी स्कूल की कक्षा 10 वीं व प्राथमिक शाला के कक्षा 5 वीं के बच्चों को टीडी का टीका लगाया गया। जिसमें बीएमओ साजा डॉ. एके वर्मा द्वारा दिसंबर माह तक शालेय कार्यक्रम पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। कारेसरा प्रभारी रवि वर्मा व सुपरवाइजर केके निर्मल के मार्गदर्शन में आरएचओ राजेश जायसवाल ने शालेय स्वास्थ्य कार्यक्रम में बच्चों को टीडी टीकाकरण के लाभ के साथ- साथ रक्त परीक्षण, हाइजिन संबंधित स्वास्थ्य शिक्षा व मौसमी बीमारियों के बारे में जानकारी दी। दिया गया , इस अवसर पर सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने सहयोग प्रदान किए।

### विकासखंड स्तरीय युवा उत्सव का होगा आयोजन

**बेरला।** विकास स्तरीय युवा उत्सव 2024-25 का आयोजन स्वामी आत्मानंद और उत्कृष्ट विद्यालय बेरला में सुबह 10 बजे से खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा किया जाएगा। राज्य के युवाओं को कला एवं संस्कृति के क्षेत्र में अधिक से अधिक भागीदारी करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाएगा। जिसके अंतर्गत विभिन्न स्पर्धा में प्रतिभागियों को सम्मिलित होना है जैसे सामूहिक लोक नृत्य, सामूहिक लोकगीत, व्यक्तिगत लोक नृत्य, व्यक्तिगत लोकगीत, कहानी लेखन चित्रकला, तात्कालिक भाषण, कविता विज्ञान मेला, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल्स एवं कृषि उत्पादन से संबंधित गतिविधियां उक्त मंच पर आयोजित होगी। जिसमें 15 वर्ष से लेकर 29 वर्ष के युवा व युवतियां इसमें भागीदारी ले सकते है। विकासखंड के इच्छुक युवक व युवती 9 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक अपना पंजीयन विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय बेरला में कर सकेंगे। आयोजन अनुविभागीय दंडाधिकारी बेरला के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

### सूने मकान से नकदी व जेवर पार

**बालोद।** ग्राम चीचलगोंदी के एक किसान के घर से 5000 रुपए के गहना सहित नगदी रकम 20,000 रुपए चोरी कर चोर फरार हो गए। चीचलगोंदी निवासी लीलाधर ने बुधवार को अर्जुन्दा थाने में अपराध पंजीबद्ध कराते हुए बताया कि बुधवार की सुबह करीबन 9 बजे मैं व मेरे पूरे परिवार के लोग घर में ताला बंद कर अपने–अपने काम में चले गये थे तथा छोटी बहू भोमवती आंगनबाड़ी में ड्यूटी चली गई थी। जो करीबन दोपहर 3 बजे घर वापस आयी तो देखी कि घर का ताला टूटा हुआ है एवं दरवाजा खुला है तथा घर में सामान अस्त व्यस्त बिखरा हुआ था। जिसे देखकर मेरी बहु ने मुझे फोन लगाया। घर आकर देखा तो घर की आलमारी में रखे एक नग सोने की पत्ती पुरानी इस्तेमाली कीमती 3000 रुपए व तीन नग चांदी के पायल पुरानी इस्तेमाली कीमती 5000 रुपए वही नगदी रकम 20,000 रुपए कुल जुमला कीमती 28,000 रूपये को कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है।

### अज्ञात वाहन ने ठोका पीड़ित ने दो साल बाद लिखाई रिपोर्ट

**बालोद।** दल्लीराजहरा स्थित कमला अस्पताल के सामने रोड पर पैदल चल रहे रविकांत वाघाडे को अज्ञात वाहन चालक ने ठोकर मार दी। प्रार्थी ने राजहरा थाने में घटना के दो साल बाद मामला दर्ज कराया है। राजहरा वार्ड क्रमांक 5 निवासी रविकांत वाघाडे ने बताया कि दो वर्ष पूर्व 10 जनवरी 2022 को शाम पैदल रोड किनारे चलते हुए मानपुर चौक से राजहरा की ओर आते समय शाम 05.30 बजे कमला अस्पताल के सामने से होकर गुजर रहा था।

**बैठक**

### खाद्य मंत्री दयालदास ने नवागढ़ में अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश

# धान खरीदी केंद्रों में हों पर्याप्त सुविधाएं किसानों को न हो कोई परेशानी : बघेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने धान खरीदी के समय किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने देने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि खरीदी प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी तरीके से चले, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। मंत्री दयालदास बघेल ने धान खरीदी के समय किसानों को किसी भी प्रकार की समस्या न होने देने के सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि खरीदी प्रक्रिया सुचारू और पारदर्शी तरीके से चले, ताकि किसानों को किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। मंत्री ने यह भी जोर दिया कि समय पर धान का भुगतान हो और तौल प्रक्रिया में किसी भी तरह की गड़बड़ी न हो। किसानों के हितों की सुरक्षा के लिए उन्होंने मंडियों और खरीदी केंद्रों पर निगरानी व्यवस्था को और मजबूत करने के आदेश दिए, ताकि दलालों और बिचौलियों की गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। बैठक के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलना चाहिए और किसी भी तरह की शिकायत का तुरंत समाधान किया जाने के ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ कहा- धान उठाव व लंबित भुगतान, प्रकरणों का जल्द हो निराकरण



### नशीले पदार्थों की अवैध बिक्री पर लगाएं रोक

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने जिले में हो रहे अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी और बिक्री पर सख्त रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। हाल ही में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान, मंत्री ने अधिकारियों को इस मुद्दे पर विशेष ध्यान देने और सख्त कार्रवाई करने के लिए कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध नशीली गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और जो भी इसमें संलिप्त पाए जाते हैं, उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य संबंधित विभागों को मिलकर काम करने और नशीली पदार्थों के तस्करों के खिलाफ सख्त कदम उठाने के लिए भी कहा।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता व देरी पर जताई नाराजगी

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल हाल ही में लोक निर्माण विभाग के कुछ कार्यों को लेकर नाराजगी जताई। जिले की समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने पाया कि कई परियोजनाएं निर्धारित समय पर पूरी नहीं हो रही हैं, और कुछ मामलों में निर्माण की गुणवत्ता भी खराब है। मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि वे लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें और सुनिश्चित करें कि विकास कार्य समय पर और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे हों। उन्होंने चेतावनी दी कि निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार या अनियमितता किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि विभाग को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ कार्य करना चाहिए ताकि जनता को इसका सीधा लाभ मिल सके ।

### गुणवत्ता से कोई समझौता न हो

खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने पीएचई विभाग से पाइपलाइन परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट की मांग की है। जिले की समीक्षा बैठक के दौरान मंत्री ने जल आपूर्ति से संबंधित योजनाओं और पाइपलाइन निर्माण की धीमी गति पर चिंता जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पाइपलाइन परियोजनाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि जनता को स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके। मंत्री ने यह भी निर्देश दिए कि पाइपलाइन बिछाने के कार्य में गुणवत्ता से कोई समझौता न हो और जहां भी देरी हो रही है, वहां पर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाए जाएं ।

### संवेदनशीलता के साथ करें समस्याओं का निराकरण

मंत्री दयालदास बघेल ने सभी अधिकारियों को सजगता और संवेदनशीलता के साथ लोगों की समस्याओं के निराकरण और शासन की योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) स्वास्थ्य सेवायें की जानकारी वित्तीय वर्ष 2023-24, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन स्वास्थ्य सेवायें की जानकारी अधिकारियों ने मुहैया कराई । इसके अलावा दयालदास बघेल ने महात्मा गांधी नरेगा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जिला पंचायत अंतर्गत होने वाले सभी कार्य, कृषि विभाग की समस्त जानकारी के साथ श्रम विभाग अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की भी समीक्षा की ।

### भूमि संबंधी मामलों के निराकरण में लाएं तेजी

समीक्षा बैठक में खाद्य मंत्री श्री बघेल ने कहा कि ग्रामीणों की राजस्व प्रकरण एवं जमीन संबंधित समस्याओं का मौके पर निराकरण होना चाहिए। उन्होंने विवादित, अविवादित सीमांकन आदि प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन की तैयारियों, खाद बीज की उपलब्धता एवं उठाव की जानकारी लेकर लंबित भुगतान और प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए।

## खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट से ज्यादा धान, उठाव नहीं होने से बढ़ी चिंता



**बेरला।** विकासखंड बेरला सहित अंचल के समिति के माध्यम से 14 नवंबर 2024 से किसानों से समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जा रही है। अधिकांश समितियों व उपार्जन केंद्रों में धान का उठाव नहीं होने से बफर लिमिट से ज्यादा धान जमाव की स्थिति हो गई है। बता दें कि 5 दिसम्बर 2024 को समिति केंद्र व उपार्जन केंद्र में बफर लिमिट से ढाई-तीन गुना धान खरीदी कर लिया गया है जिससे जमाव की स्थिति होने के कारण चिंता का विषय बन गया है। छोटे-बड़े उपार्जन केंद्र में भी 20 से 25 हजार क्विंटल तक बफर लिमिट से ज्यादा खरीदी हो गई है। इससे समिति प्रबंधकों की चिंता बढ़ गई है। समिति प्रबंधकों का कहना है कि धान का उठाव शीघ्र नहीं होगा, तो आगे समस्या बढ़ सकती है। साथ ही अब तक के धान के रख रखाव में फड़ पर बारदाना पलटने, तौल कार्य करने में परेशानी हो सकती है। लगातार खरीदी के चलते जगह के अभाव में खरीदी बंद होने की कगार पर है। वहीं किसान टोकन तुहार हांथ एप के माध्यम से 25 दिसम्बर से 15 जनवरी तक टोकन काट चुके हैं। साथ ही किसान ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों तकनीक से टोकन ले रहे हैं। जिस प्रकार से लगातार मौसम खराब हो रहा है एवं कई स्थानों पर आंधी तूफान भी चल रहा है, इससे समितियों द्वारा सुरक्षा के तमाम इंतजाम करने के बाद भी धान बचाना मुश्किल हो रहा है। धान खरीदी के लिए उपार्जन केंद्र बनाए गए हैं जहां पर धान खरीदी हो रही है। जिला बेमेतरा कलेक्टर रणबीर शर्मा के द्वारा लगातार धान के उठाव करने के लिए सख्त निर्देश लगातार दिए जा रहे है। ताकि किसान को कोई प्रकार की समस्या न हो। ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ समिति प्रबंधकों ने कहा- धान का उठाव शीघ्र नहीं होने से बढ़ सकती है समस्या

## साजा व्यापारी संगठन ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा व्यापारी संघ के पदाधिकारीयों ने कलेक्टर से मुलाकात कर साजा व्यवहार न्यायालय को नगर में यथावत रखने की मांग की है। संगठन के पदाधिकारियों ने कलेक्टर रणवीर शर्मा को बताया कि मामले में डोंगीतराई के 150 से अधिक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर गांव की चरागह जमीन पर न्यायालय भवन बनने का विरोध किया है। इसके अलावा नगर के अधिवक्ता संघ ने भी व्यवहार न्यायालय को शिफ्ट करने का विरोध किया है। व्यापारीगणों ने भी अपने व्यापार को प्रभावित होने का हवाला देकर न्यायालय को यथावत रखें जाने की मांग की है। कलेक्टर से भेंट के दौरान संगठन के सदस्यों ने वर्तमान में स्थित न्यायालय के आसपास बहुत सी सरकारी जमीन होने की बात कही है। साथ ही फुटकर व्यापारियों के व्यापार प्रभावित होने और पक्षकारों को आने जाने में भारी समस्या उत्पन्न होने की बात रखी है। जिस पर जिला कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेने और मामले में उच्च न्यायालय से चर्चा करने का आश्वासन दिया है।

■ व्यवहार न्यायालय को नगर में यथावत रखने की मांग

### पूर्व विधायक ने कलेक्टर से की बात

छत्तीसगढ़ भाजपा व्यापारी प्रकोष्ठ के संयोजक एवं साजा विधानसभा के पूर्व विधायक लाभचंद बाफना ने दूरभाष से कलेक्टर रणवीर शर्मा से चर्चा कर व्यापारियों को होने वाली समस्या का निराणकरण करने का निर्देश दिया है। मामले में नगर व्यापारी संघ के सदस्य उच्च न्यायालय को पत्र लिखकर अपनी समस्या से अवगत कराने की बात कही है। जिलाधीश से मुलाकात में संगठन से अध्यक्ष निकेश जैन,सचिव राकेश गुप्ता,उपाध्यक्ष दीपक शर्मा,गंगाधर चांडक के अलावा अन्य सदस्य उपस्थित रहे ।

## शिवसेना ने नगरी निकाय प्लेसमेंट कर्मियों की पांच सूत्रीय मांग का किया समर्थन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी के प्रदेश सचिव व जिला प्रभारी दाऊ, राम चौहान ने छत्तीसगढ़ प्रदेश नगरी निकाय प्लेसमेंट कर्मचारियों महासंघ कि पांच सूत्रीय मांग को जायज ठहराया और प्रदर्शन स्थल पहुंच कर पार्टी की तरफ से समर्थन दिया।

श्री चौहान ने कहा की नगरी निकाय में कार्यरत प्लेसमेंट कर्मचारी ठेका प्रथा समाप्त किया जाए। वहीं 5 से 10 वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों का नियमितीकरण किया जाए एवं शासन की घोषणा अनुसार अन्य विभागों के तर्ज पर 4000 प्रति माह श्रम सम्मान राशि प्रदान की जाए। नगर पालिका परिषद बेमेतरा में 2022 से जुलाई 2023 तक का लंबित ई, पी, एफ, व ईएसआईसी राशि का भुगतान किया जाए। नगर पालिका के सभी कर्मचारियों को प्रत्येक माह समय पर वेतन भुगतान किया जाए।

इन सभी पांच बिंदु नगर पालिका कर्मचारी की मांग जायज है जिसे शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी समर्थन करती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं नगरी निकाय प्रशासन से भी अपील करता है कि उक्त नगर पालिका कर्मचारियों की मांग तत्काल पूर्ण किया जाए।

## बीजाभाट डाकघर में 6 लाख का गबन, आरोपी डाकपाल गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ज़िला मुख्यालय के समीप ग्राम बीजाभाठ स्थित डाकघर शाखा में सन-2021 से 2024 के मध्य सुकन्या समृद्धि योजना, फिक्स डिपाजिट, बचत खाता व आर.डी. खाता ग्रामीणों के द्वारा खुलवाया गया था उक्त खाता में ग्रामीणों ने रूपए जमा किए थे । जिसे डाकघर शाखा बीजाभाठ के डाकपाल ने 6 लाख से अधिक रकम गबन कर फरार हो गया था । गबन कर धोखाधड़ी के आरोपी डाकपाल संजीव कुमार ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी हेमलाल साहू कार्यालय उप संभागीय निरीक्षक डाकघर बेमेतरा ने 24.अक्टूबर 2024 को थाना में लिखित आवेदन दिया। उसने बताया कि शाखा डाकघर बीजाभाठ में वार्षिक निरीक्षण के दौरान शाखा डाकघर लेखा रजिस्टर 27.अगस्त.2024 तक भरा गया था, जिसके पश्चात मुझे डाकघर खाता डाकपाल संजीव कुमार ठाकुर पर संदेह उत्पन्न होने पर खाताधारकों को बुलाकर डाकघर खाता का वितरण किया। पास बुक चेक करने पर पासबुक में दर्ज रकम एवं उसी खाते के फिनेकल लेजर में दर्ज रकम में अंतर पाये जाने से शाखा डाकघर बीजाभाठ के अन्य खाता धारकों को भी बुलाकर उनका पासबुक चेक किया गया। इस पर सभी खाताधारकों के पासबुक में जमा रकम एवं उसी खाता के फिनेकल लेजर में जमा रकम में अंतर दिख रहा था। इस तरह शाखा डाकपाल संजीव कुमार ठाकुर के द्वारा बीते 18 अप्रैल.2012 से 27.सितंबर.2024 तक के कार्यकाल दौरान 22.जून.2021 से 11 सितंबर.2024 मध्य तक कुल ▶▶| शेष पेज 10 पर

■ वर्ष 2021 से 2024 के बीच 18 खाताधारकों के रकम में की गई थी गड़बड़ी


**तापमान में 3 डिग्री तक गिरावट संभव, 8 से 10 दिसंबर के बीच बारिश के भी आसार**

## उत्तर से आने वाली ठंडी हवाएं बदलेंगी मौसम, ठंड का फिर बढ़ेगा एहसास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने वाला है। उत्तर दिशाओं से आने वाली ठंडी और शुष्क हवाओं के कारण तापमानम में तीन से चार डिग्री की गिरावट की संभावना जताई जा रही है। इसके अलावा 8 से 10 दिसंबर के बीच बेमौसम बारिश के भी आसार बताए जा रहे हैं। ज्ञात हो कि पिछले तीन दिनों से बदली की वजह से ठंड गायब हो गई है। तापमान में भी 3 डिग्री तक इजाफा देखने को मिला है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश में उत्तर से ठंडी और शुष्क हवाओं का आगमन प्रारंभ हो गया है। जबकि बस्तर संभाग के जिलों में बंगाल की खाड़ी से अभी भी नमी आ रही है। इसके कारण प्रदेश के मध्य और उत्तर में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। मोसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के कारण अंचल में विंड पैटर्न यानि पवन संरचना बदल रहा है। यही कारण है कि विंड पैटर्न बदलने से बेमौसम बारिश के आसार बन रहे हैं।



### धान सुरक्षित रखना चुनौती

ज्ञात हो कि प्रदेशभर में इस समय धान खरीदी चल रही है। जिले में भी लगभग डेढ़ लाख किसानों ने अपना पंजीयन धान बेचने के लिए कराया है। हजारों की संख्या में किसनों ने अपनी उपज काट ली है और अब अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। ऐसे में बारिश की संभावना जताए जाने से उनके सामने भी कटी हुई फसल को सुरक्षित रखने की चुनौती आ गई है। फसल को भीगने से बचाने के लिए उन्हें तैयारी करनी पड़ेगी। वहीं उपार्जन केंद्रों में भी खुले में पड़े धान को कवर करना जरूरी हो गया है।

### तापमान सात डिग्री तक चढ़ा

आसमान में बदली छाने का असर तापमान में भी देखने को मिला है। सप्ताहभर के भीतर ही अंचल के न्यूनतम तापमान में लगभग सात डिग्री का अंतर आया है। बीते 29 नवंबर को न्यूनतम तापमान 13.7 डिग्री पर था, जो 5 दिसंबर गुरुवार को बढ़कर 20 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं अंचल का अधिकतम तापमान गुरुवार 31.5 डिग्री पर रहा। जबकि सप्ताहभर पहले 29 नवंबर को यह 28 डिवी पर था। हालांकि आने वाले 72 घंटों में इसमें तीन से चार डिग्री की गिरावट संभव है।

### बस की टक्कर से दोपहिया सवार एक व्यक्ति की मौत, दुसरा घायल

**बालोद।** पटेली बाजार चौक मोड़ के पास बस ने दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इससे वाहन सवार एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, तो वहीं दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। इस मामले में बुधवार को मृतक के बेटे की रिपोर्ट पर डौंडी थाने में बस चालक के खिलाफ धारा 106(1) बीएनएस, 125(ए) बीएनएस, 281 बीएनएस तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम भीमाटोला के रहने वाले लोकेश कुमार मंडावी ने बताया कि 4 दिसंबर को मेरे पिता देवल सिंह मंडावी एवं बड़े पिता खोरबाहरा राम मंडावी दोनों लुना मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 वी 3880 से शाम करीबन 4.30 बजे घर से मड़ियाकट्टा जाने के लिए निकले थे। गाड़ी को बडे पिता खोरबाहरा राम चला रहे थे, पीछे देवलसिंह बैठे थे।

हरिभूमि
## पाठक सूचना
बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप



### प्राथमिक शाला झोफरा में बच्चे के जन्मदिन पर कराया न्योता भोज


**गुण्डरदेही।** शासकीय प्राथमिक शाला झोफरा में कक्षा दूसरी के छात्र खुशाल ठाकुर के जन्मदिन पर उनकी दादी मनोरमा ठाकुर व माता उत्तरा ठाकुर ने स्कूल के सभी 24 बच्चों को न्योता भोज कराया। इस अवसर पर तुलसी ठाकुर, रश्मि ठाकुर व स्कूल के प्रधान पाठक प्रीति मंडावी, सरिता बेलचंदन व सहायक शिक्षक भोलेश महतो उपस्थित थे।

### राजाराव पठार करेंझर में विराट वीर मेला 9 से

**गुरूर।** सर्व आदिवासी समाज जिला बालोद, धमतरी एवं कांकेर के संयुक्त तत्वावधान में शहीद वीर नारायण सिंह के शहादत दिवस पर विराट वीर मेला का आयोजन 8 से 10 दिसंबर तक राजाराव पठार करेंझर में किया गया है। 8 दिसंबर को देव स्थापना, देव पूजा, देव मिलन, आदिवासी सांस्कृतिक कार्यक्रम व युवा सम्मेलन रखा गया है। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज अरविंद नेताम, पूर्व अध्यक्ष छ.ग राज्य अनु.ज.जा. आयोग जीआर राना, अध्यक्ष छ.ग गोडवाना गोड़ महासभा अकबर कोर्राम, राष्ट्रीय अध्यक्ष गोडवाना गोंड महासभा आरसी नेताम सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे। 9 दिसंबर को आदिवासी प्रतिभाओं का सम्मान, मातृ शक्ति सम्मेलन, आदिवासी महापंचायत का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ रामलाल, मंत्री रामविचार नेताम, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े एवं विधायक पत्थलगांव गोमती साय उपस्थित रहेंगे। मुख्य वक्ता पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज छत्तीसगढ़ अरविंद नेताम रहेंगे। कार्यक्रम के अंतिम दिन 10 दिसंबर को शहीद वीर नारायण सिंह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे, अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छ.ग गोण्डवाना गोंड़ महासभा अकबर राम कोर्राम करेंगे।

## निधन

### झाड़ू राम



**गुरूर।** ग्राम डोकला निवासी झाड़ू राम का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे प्रमोद सिन्हा के दादा जी थे।

### पार्वती साहू



**गुरूर।** ग्राम पलारी निवासी पार्वती साहू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे सुपेश साहू व यानेश साहू की दादी थीं।

क्रांतिवीर कंगला मांझी के समाधि स्थल ग्राम बघमार में शुरू हुआ तीन दिवसीय कार्यक्रम

# क्रांतिवीर कंगला मांझी की पुण्यतिथि पर हजारों की संख्या में आदिवासी किसान सैनिक जुटे






हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था एवं अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ी समाज समिति के संस्थापक एवं जनक क्रांतिवीर कंगला मांझी की पुण्यतिथि पर जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बघमार में क्रांतिवीर कंगला मांझी स्मृति दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उनके अनुयायियों का जन सैलाब उमड़ पड़ा है। कार्यक्रम में क्रांतिवीर कंगला मांझी की धर्मपत्नी एवं मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था एवं अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ी समाज समिति के अध्यक्ष राजमाता फूलोदेवी कांगे एवं उनके सुपुत्र कुंभदेव कांगे सहित उनके परिजन उपस्थित थे।

क्रांतिवीर कंगला मांझी के समाधि स्थल ग्राम बघमार में 5 से 8 दिसम्बर तक आयोजित कार्यक्रम में उन्हें नमन करने छत्तीसगढ़ राज्य के साथ–साथ महाराष्ट्र एवं मध्यप्रदेश से भी हजारों अनुयायी पहुँचे हैं। इस दौरान मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था के विशाल संख्या में सैनिकों के अलावा अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ी समाज समिति के सदस्यों के अलावा उनके अनुयायी क्रांतिवीर कंगला मांझी के समाधि स्थल में पहुँचकर अपने आराध्य को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं।





### कांकेर जिले के ग्राम तेलावट में हुआ था जन्म

उल्लेखनीय है कि क्रांतिवीर कंगला मांझी का स्वतंत्रता संग्राम के योगदान में प्रमुख योगदान रहा है। उनका जन्म कांकेर जिले के ग्राम तेलावट में हुआ था। वे 1913 में स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ चुके थे इसके पश्चात 1914 में महात्मा गांधी से मुलाकात करने के पश्चात उन्होंने राष्ट्रीय आंदोलनों में प्रमुख भूमिका निभाई। क्रांतिवीर कंगला मांझी सामान्य परिवार से ताल्लुकात रखते थे लेकिन उनका दृष्टिकोण बहुत ही व्यापक था।

### संस्था के सैनिकों को वर्दी व बिल्ला

कंगला मांझी ने अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था एवं अखिल भारतीय माता दंतेवाड़ी समाज समिति की स्थापना के बाद लगातार आदिवासी समाज के लोग उनके संगठन में जुड़कर उनके सदस्य बनते गए। इसके पश्चात 1951 में मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था के सैनिकों को बिल्ला एवं सैनिक की वर्दी प्रदान करने की परंपरा शुरू की गई। शासन की ओर से इनके संस्था को लाल ध्वज भी प्रदान किया गया। लाल ध्वज समतावादी समाज के लिए चिंतित कमला मांझी के चिंतन का प्रतीक था। राष्ट्र सेवा एवं आदिवासी उत्थान के लिए आजीवन कार्य करते हुए क्रांतिवीर कंगला मांझी 05 दिसंबर 1984 को ग्राम बघमार में अपने प्राण त्यागे थे। तब से लेकर आज पर्यंत तक हजारों की संख्या में उनके अनुयायी उन्हें श्रद्धांजलि देने उनके कर्म स्थलीय ग्राम बघमार में पहुँचते हैं।

### सैनिकों ने दी सलामी

समारोह में विशाल संख्या में उपस्थित श्री मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था के सैनिकों ने निर्धारित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए क्रांतिवीर कंगला मांझी एवं राजमाता फूलोदेवी कांगे को सलामी दी। विशेष बात यह है कि इस संगठन के सभी कार्यकर्ता बिना किसी वेतन एवं मानदेय के क्रांतिवीर कंगला मांझी के प्रति अटूट आस्था और विश्वास के कारण इस संगठन में जुड़कर समाज सेवा के पुनीत दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। आदिवासियों पर हो रहे अन्याय व अत्याचार से व्यथित होकर किया था संस्था का निर्माण मांझी अंतर्राष्ट्रीय समाजवाद आदिवासी किसान सैनिक संस्था के स्थापना एवं उद्देश्यों की जानकारी देते हुए संस्था के अध्यक्ष राजमाता फूलोदेवी कांगे ने बताया कि देश के स्वाधीनता के पूर्व देश व राज्य में आदिवासियों पर हो रहे अन्याय व अत्याचार से व्यथित होकर क्रांतिवीर कंगला मांझी ने इस संगठन का निर्माण किया था। इसके माध्यम से उन्होंने देश के स्वाधीनता में योगदान देने के अलावा स्वाधिनता के पश्चात आदिवासी समाज के लोगों एवं वंचित वर्ग के लोगों को मुख्य धारा में जोड़कर उनका उत्थान सुनिश्चित करना है।


# जेवरतला बूथ क्रमांक 142 के अध्यक्ष बने खिलेश्वर



**गुरूर।** शक्ति केंद्र मोहारा के अंतर्गत ग्राम जेवरतला बूथ क्रमांक 142 का बूथ स्तर का चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। इसमें खिलेश्वर साहू को बूथ अध्यक्ष व धर्मेन्द्र कुमार साहू को बूथ सचिव नियुक्त किया गया।

इस दौरान चुनाव प्रभारी जितेंद्र साहडा, शक्ति केंद्र संयोजक डॉ हरिकृष्ण गंजीर एवं चुनाव प्रभारी बोधराय हिरवानी, सहसंयोजक नीलकंठ साहू, केशवराम धनकर, अध्यक्ष सेवा सरकारी समिति मोहारा तुलाराम साहू, बूथ अध्यक्ष मोहारा हुमन साहू, थानू राम उपस्थित थे। इस अवसर पर हुसैन साहू, उमेश कलिहारी, भगवान साहू, नरोत्तम निर्मलकर, जगराम यादव, लखन लाल साहू, नरेंद्र कुमार साहू, यशवंत कुमार सार्वा, रामेश्वर निर्मलकर, चतुर निर्मलकर, विश्वनाथ साहू, भूषण साहू, भूपत राम साहू, दीपक अग्रवाल एवं बूथ के सभी भाजपा कार्यकर्ता की उपस्थिति में बूथ समिति का गठन किया गया।

# भाजपा गुण्डरदेही मंडल में बूथ अध्यक्षों का किया गया चुनाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी गुण्डरदेही मंडल के अंतर्गत ग्राम कलंगपुर, भटगांव, खूटेरी(भट), चाराचार, चारभांठा में बूथ अध्यक्ष, बूथ मंत्री और सदस्यों का चुनाव संपन्न हुआ।

चुनाव अधिकारी प्रमोद जैन एवं सहायक चुनाव अधिकारी भीखा राम साहू के द्वारा चुनाव संपन्न कराया गया, जिसमें ग्राम कलंगपुर में बूथ क्रमांक 240 मे केश राम साहू को बूथ अध्यक्ष एवं डीलेश्वर साहू को सचिव साथ ही बूथ क्रमांक 241 से विजय सिन्हा को बूथ अध्यक्ष एवं दिलेश्वर साहू को सचिव एवं 12 पदाधिकारी निर्वाचित किए गए। इसी तरह ग्राम भटगांव में प्रताप ख़ुटेल बूथ अध्यक्ष एवं लोमेश कुमार बूथ मंत्री के साथ 16 सदस्य निर्वाचित हुए, ग्राम चाराचार में बूथ अध्यक्ष भेष कुमार साहू, बूथ मंत्री माखन साहू और 16 सदस्य निर्वाचित हुए, ग्राम खूटेरी में बूथ अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव, बूथ मंत्री धर्म सिंह साहू और 16 सदस्य निर्वाचित हुए। इसी तरह ग्राम चारभांठा में बूथ अध्यक्ष देवधर साहू, बूथ मंत्री राम सहायक साहू और 16 सदस्य निर्वाचित हुए।

# किसान के खाते से 95 हजार पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

- कोतवाली थाना में दर्ज हुआ धोखाधड़ी का मामला

कोतवाली थाना में एक बार फिर धोखाधड़ी का मामला दर्ज हुआ है। जहां दरबारी नवागांव के एक किसान के खाते से लगभग 95,238 रूपये अज्ञात नंबर से फोन पे के माध्यम से निकाल लिया गया है।

किसान द्वारा कोतवाली थाना में सूचना देने पर बुधवार को अज्ञात मोबाइल नम्बर धारक के विरूद्ध 318(4) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध हुआ है। ग्राम दरबारी नवागांव निवासी किसान तामेश्वर कुमार साहू ने बताया कि 28 नवंबर को मोबाईल नंबर से फोन–पे के माध्यम से मेरे साथ कुल 95,238 रूपये की धोखाधड़ी हुई है।

प्रार्थी ने बताया कि मेरा खाता आईसीआईसीआई बैंक में है, जहां से फोन पे माध्यम से पैसा लेने देन का कार्य करता हूं। 28 नवंबर को अपने तरिया वाले खेत में था, तभी शाम 7:20 बजे परचित पुरेन्द्र सिन्हा के मोबाइल नंबर से अपने मोबाइल नंबर पर कॉल किया और जानवर की दवाई ब्रोटोन को मेरे भाई विरेन्द्र साहू को देने के लिए कहा जिसकी कीमत 2150 रूपए बताने पर अपने मोबाइल से फोन पे किया। इसके लिए पुरेन्द्र सिन्हा की जगह पुरेन्द्र साहू निवासी कोगनी के खाते में चला गया। पुरेन्द्र सिन्हा ने मुझे मेरे फोन काल कर बताया कि मेरे फोन पे में पैसा नहीं पहुंचा है, जिसके बाद फोन पे को देखकर व पुरेन्द्र सिन्हा के बताये हुए टोल फ्री नंबर पर कॉल किया तो टोल फ्री नं. वाले ने मेरे फोन पे को चालू करने कहा तो मेरे द्वारा फोन पे चालू किया।

जिसमें कहा गया कि अपने मोबाइल नंबर के पांच डिजिट अंकित करे मेरे द्वारा अंतिम पांच डिजिट डालने पर उनके द्वारा फैल होना बताकर 9999 डालने के लिए कहा तो मैं 9999 डाल दिया जिसके बाद मेरे मोबाईल फोन पे से कुल राशि 95238 रुपए कट गए। फोन पे को चेक किया तो मेरा कुल रकम 95238 रुपए अज्ञात मोबाइल नंबर धारक के फोन पे के माध्यम से गया है।

# ग्राम धानापुरी में लगा राष्ट्रीय सेवा योजना का विशेष शिविर




**गुरूर।** ग्राम धानापुरी में राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई शासकीय डीबीटी. महाविद्यालय गुरुर का सात दिवसीय विशेष शिविर मेरा युवा भारत का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि सरपंच प्रभा कोर्राम ने कहा कि सात दिवसीय शिविर में बच्चों ने गांव की साफ सफाई एवं युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। अध्यक्षता कर रहे स्व.डारन बाई तारम महाविद्यालय गुरुर जनभागीदारी समिति अध्यक्ष नंदकिशोर शर्मा ने कहा कि आज युवाओं को बाबा साहेब अंबेडकर के सपनों को साकार करना है। गांव के विकास मे युवाओं का बड़ा योगदान होता है। भाजपा मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, उपसरपंच खोमन सिन्हा, ग्राम विकास समिति अध्यक्ष देवनारायण सिन्हा, ग्राम पटेल शिवप्रसाद सलाम, पंच बिसंम्भर सिन्हा, मानिक राम सिन्हा, कोटवार सिया राम,टीकू राम सिन्हा ने भी संबोधित किया। अतिथियों ने मां सरस्वती एवं बाबा साहेब अंबडेकर की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्वलित की। रात्रि मे कैम्प फायर का आयोजन कर रात्रि में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। समापन समारोह के दौरान सभी एनएसएस के बच्चों को अतिथियों के द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डां केएल रावटे, कार्यक्रम अधिकारी प्रो.रोहित सोरी, सहायक कार्यक्रम अधिकारी प्रो.देवेन्द्र कुमार रात्रे, शिविर नायक योजस्वी सेन, शिविर नायिका धारनी साहू, अनुशासन प्रभारी वेदप्रकाश साहू, उप अनुशासन प्रभारी मीनाक्षी साहू एवं वरिष्ठ स्वयं सेवक, ग्रामीण, पंचगण उपस्थित थे।

## पेज 9 के शेष

### धान खरीदी केंद्रों में हों पर्याप्त ...

निर्देश दिए । खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने नवागढ़ ब्लॉक के जनपद पंचायत सभागृह में जिला अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में संचालित शासन की कल्याणकारी योजनाओं और विकास गतिविधियों की समीक्षा की। इस बैठक में उन्होंने खाद्य विभाग और उससे जुड़े विभिन्न विभागों के कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। इसमें खाद्य वितरण प्रणाली, सरकारी योजनाओं की प्रगति, अनाज भंडारण और वितरण, सब्सिडी की स्थिति, और अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सुनिश्चित करें कि हर स्तर पर पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे, ताकि खाद्य आपूर्ति और वितरण प्रणाली में कोई बाधा न हो। बैठक में जिला पंचायत सीईओ टेकचंद अग्रवाल, एडीएम प्रकाश भारद्वाज, अपर कलेक्टर अनिल वाजपेयी, जिला पंचायत सदस्य बिंदिया मीरे, नगर पालिका अध्यक्ष मंजू लता रात्रे, एसडीएम प्रकाश गोड़, जनपद सीईओ सहित जिला स्तर के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे ।

**लापरवाही बर्दाश्त नहीं:** समीक्षा बैठक में शासकीय कार्यों से संबंधित जनता की शिकायतों को अधिकारियों के समक्ष रखा। उन्होंने इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे तुरंत आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता से हल करें और ऐसी प्रणाली विकसित करें जिससे शिकायतों का त्वरित समाधान हो सके। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को यह भी चेतावनी दी कि जनता की उपेक्षा या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और इसमें संलिप्त किसी भी कर्मचारी या अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाने और नियमित रूप से शिकायतों की समीक्षा करने पर जोर दिया।

### खरीदी केंद्रों में बफर लिमिट ...

बफर लिमिट तक ही सुरक्षा की व्यवस्थाः बफर लिमिट के धान की सुरक्षा के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जाती है परंतु बफर लिमिट से अधिक धान होने पर समितियों के लिए परेशानी होती है उन्हें इसके लिए अतिरिक्त राशि अनावश्यक रूप से वहन करना पड़ता है जिसका भार समितियों पर पड़ता है। सहकारी समितियों के द्वारा धान के उठाव अनुबंध के अनुसार बफर लिमिट से अधिक धान होने पर 72 घंटे में धान का उठाव करना चाहिए परंतु कई-कई दिन बीत जाने के बाद भी धान उठाव नहीं हो पाता है जिस कारण समितियों को नुकसान उठाना पड़ता है।

### बीजाभाठ डाकघर में ...

18 खाता धारकों के 6 लाख 6 हजार 900 रूपये की धोखाधड़ी कर खाताधारकों के पैसों को गबन कर दिया गया है। उसके बाद प्रारम्भिक जांच में आरोपी संजीव कुमार ठाकुर पिता पुरुषोत्तम लाल ठाकुर पांगरी पोस्ट गोरकापार थाना गुण्डरदेही जिला बालोद के विरुद्ध उचित कार्यवाही करने लिखित आवेदन पेश किये, प्रारंभिक जाँच होते ही डाकघर में कार्यरत संजीव कुमार ठाकुर एफ.आई.आर. होने के पूर्व से फरार हो गया है। थाना बेमेतरा में धारा 318 (4), 316 (5) बीएनएस पंजीबद्ध कर पुलिस प्रशासन विवेचना में लिया। पुलिस आरोपी खोजबीन कर गिरफ्तार करने में सफलता पाई विवेचना के दौरान आरोपी संजीव ठाकुर से पूछताछ करने पर पता चला कि डाकघर शाखा बीजाभाठ बेमेतरा में सन 2021 से 2024 के मध्य सुकन्या समृद्धि योजना, फिक्स डिपाजिट, बचत खाता व आर.डी. खाता ग्रामीणों के द्वारा खुलवाया खाता में ग्रामीणो के द्वारा रूपये पैसा जमा किया गया था, जिसकी पावती देकर मुल रजिस्टर में इन्द्राज ना कर अलग-अलग खाता से गबन करना स्वीकार किया।

# अग्निवीर बन कर लौटे लवकुश का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



अग्निवीर भर्ती योजना सेना देश की सबसे महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके कारण गांवों से देशभक्ति, मातृसेवा का संकल्प लेकर युवा कमर तोड़ मेहनत कर अपनी प्रतिभा के दम पर चयनित होकर देश सेवा कर रहे हैं।

ग्राम पंचायत गोड़ेला के आश्रित ग्राम खुर्सीपार के युवक लवकुश हैदराबाद से अग्निवीर बन कर लौटे तो ग्रामीणों व युवाओं ने जमकर आतिशबाजी कर उनका जोरदार स्वागत किया। युवाओं ने गांव में डीजे के देशभक्ति धुन पर झूमते हुए देश के लाल लवकुश ठाकुर को कंधे पर उठाया। वहीं, महिलाओं ने घर आंगन में रंगोली सजाकर दीपक जलाकर कर आरती उतारकर स्वागत किया। पूरे गांव में झूमते नाचते हुए घर पहुंचने पर मां ललिता ठाकुर व दीनाराम ठाकुर की आंखों में खुशी के आंसू आ गए। गौरतलब हो कि बड़ा बेटा भी बीएसएफ जवान है, अब दोनों बेटे देश सेवा में लगे हैं। वहीं, ग्राम के युवक पारख साहू ने बताया कि ग्राम खुर्सीपार की मिट्टी में देश सेवा के प्रति युवा समर्पित हैं। इस गांव के लगभग दर्जन भर युवा आर्मी, पुलिस, अग्निवीर, फोर्स में सेवा दे रहे हैं। इस अवसर पर सरपंच रामेश्वर ठाकुर, मिथलेश ठाकुर, यीशु, मिथलेश ठाकुर सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

घनश्याम सिंह महाविद्यालय बालोद की रेड क्रॉस व एनएसएस इकाई ने किया आयोजन

# एड्स के खिलाफ जागरुकता के लिए विद्यार्थियों ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





शासकीय घनश्याम सिंह महाविद्यालय बालोद में रेड क्रॉस विभाग और एनएसएस विभाग के सहयोग से विश्व एड्स दिवस पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के सभी छात्र–छात्राओं का शपथ ग्रहण कराया गया, इसके बाद रैली का आयोजन किया गया, मानव श्रृंखला द्वारा एड्स का प्रतीक चिन्ह बनाया गया।

जिसमें मुख्य अतिथि आईसीटीसी काउंसलर जिला अस्पताल बालोद भाग्यश्री लक्ष्मी थी। विशेष अतिथि एसआईटी काउंसलर जिला हॉस्पिटल बालोद माया पवार, टीआई काउंसलर बालोद शाइना फातिमा, टीआई प्रोजेक्ट मैनेजर सूत्र समाज सेवी संस्था टीआई वेद प्रकाश साहू, बालोद से प्रोफेसर जीएन खरे, कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना महाविद्यालय बालोद, प्रोफेसर टीआर ठाकुर, प्रभारी यूथ रेड क्रॉस महाविद्यालय बालोद, एनएसएस प्रभारी देवेंद्र साहू, एनएसएस के सभी छात्र–छात्राओं, यूथ रेड क्रॉस के सभी छात्र–छात्राओं ने एवं महाविद्यालय के छात्र–छात्राओं ने सहभागिता निभाई। आईसीटीसी काउंसलर भाग्यलक्ष्मी द्वारा एचआईवी एड्स के संक्रमण एवं बचाव के बारे में सारगर्भित जानकारी दी गई। प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, समाज सेवी संस्था टीआई बालोद के प्रोजेक्ट मैनेजर वेद प्रकाश साहू द्वारा नार्को स्ट्रक्चर, मुख्य एवं ब्रिज समुदाय के बारे में जानकारी दी गई।

# बस्तर में बेहतर होगी रेल कनेक्टिविटी, रावघाट से जगदलपुर के लिए परियोजना रिपोर्ट तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

- रेलवे मंत्रालय द्वारा कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने की पहल

छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग में रेल कनेक्टिविटी को लेकर रेल मंत्रालय ने अहम कदम उठाए हैं, जिसका सीधा लाभ यात्रियों को मिलेगा। कांकेर जिले में रेल कनेक्टिविटी को लेकर दल्लीराजहरा-रावघाट-जगदलपुर रेल लाइन परियोजना में कुल लंबाई 235 किमी को दो चरणों में क्रियान्वित किया जा रहा है। बता दें कि पहले चरण में दल्लीराजहरा से रावघाट तक 95 किमी रेल लाइन तैयार होनी है।

इस चरण में रेलवे ने दल्लीराजहरा से तारोकी, 77 किमी तक की लाइन चालू कर दी है। इस परियोजना पर 31 मार्च 2024 तक कुल 1,028 करोड़ का व्यय किया जा चुका है। दूसरे चरण में रावघाट से जगदलपुर, 140 किमी पर कार्य होना है। इस चरण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, डीपीआर तैयार कर ली गई है।

### धमतरी से कोंडागांव तक रेल लाइन

कांकेर जिले की रेल कनेक्टिविटी को और अधिक सुदृढ़ करने के लिए धमतरी से कोंडागांव 183.19 किमी तक नई रेल लाइन के लिए सर्वेक्षण स्वीकृत किया गया है। यह नई लाइन बंस्कोट और अमरावती होते हुए गुजरेगी। यह पहल क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ लोगों की आवाजाही को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगी। इस रेल परियोजना का यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। ट्रेन से यात्री बस्तर संभाग के विभिन्न जिलों तक पहुंच सकेंगे।



## खबर संक्षेप



### जनसमस्या निवारण शिविर में 2 सौ आवेदन निराकृत

**रायपुर।** धरसींवा ब्लॉक के मांढर ग्राम पंचायत में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दो सौ आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर के दौरान विधायक अनुज शर्मा एवं कलेक्टर गौरव सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भूषण लाल साहू, भूषण राव कोटे, अंगेश्वर साहू, ढेला बह साहू, महेश कुम्भकार, संतोषी देवांगन, शिव कुमार साहू, मारूती देवांगन, जीवन लाल साहू, मिलेष तारक, अनुसुईया वर्मा, शलैन्द्री धीवर को आवास की चाबी सौंपी। इसके अलावा किसानों को बीज का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

### मोहन का आधुनिक कृत्रिम हाथ बनेगा सहारा

**रायपुर।** एक वक्त था जब हाथ कटने के बाद एक हाथ से काम करना आसान नहीं हो पाता था, लेकिन आधुनिक कृत्रिम हाथ लोगों के काम न केवल आसान बना रहा है, बल्कि उन्हें हाथ कट चुका है, इसका एहसास भी नहीं होता। दुर्ग निवासी मोहन कन्हाई का एक हाथ कट जाने से दिव्यांग हो गया था, लेकिन निःशुल्क कृत्रिम फंक्शनबेल हाथ मिलने के बाद वह बहुत खुश है। उसका कहना है कि एक हाथ के कारण रोजगार की चिंता सताती थी, पर ऐसा नहीं है, क्योंकि दोनों हाथ से वह काम कर सकता है, इसलिए रोजगार भी उसे मिल जाएगा। उल्लेखनीय है कि यह अत्याधुनिक कृत्रिम हाथ 36 से ज्यादा ग्रिप पैटर्न बनाने में सक्षम है और इसे एंड्राइड और साफ्टवेयर एप से भी संचालित किया जा सकता है। साथ ही, यह कृत्रिम हाथ चार्ज भी किया जाता जाता है। यह कृत्रिम हाथ 35 किलो तक वजन उठाने में सक्षम हैं।

### गैंती गैंग के 11 शातिर गिरफ्तार चोरी का माल खपाने और खरीदने वाले भी

**रायपुर।** राज्य के रायपुर सहित दुर्ग, महासमुंद, कोरबा, अंबिकापुर में घूम-घूमकर चोरी करने वाला एक नया चोर गिरोह सक्रिय है। क्राइम ब्रांच की टीम ने चोरी करने वाले इस गैंग से जुड़े आठ तथा चोरी के जेवर खरीदने के आरोप में तीन सराफा कारोबारियों को गिरफ्तार किया है। बदमाश चोरी करने के लिए ताला तोड़ने गैंती का उपयोग करते हैं। इसीलिए पुलिस ने इसे गैंती गैंग नाम दिया है। गैंती गैंग का सरगना बिलासपुर का शातिर चोर सृजन शर्मा उर्फ स्वराज है। गैंती गैंग को सृजन शर्मा ऑपरेट कर रहा था। मामले का खुलासा करते हुए रेंज आईजी अमरेश मिश्रा ने बताया कि चोरी के आरोप में बिलासपुर, सरकंडा निवासी सृजन शर्मा, मुंगेली निवासी उमेश उपाध्याय तथा सफीक मोहम्मद को गिरफ्तार किया है। माल खपाने के आरोप में मुंगेली निवासी हर्ष कुमार बंजारे उर्फ गोविंदा, मोहम्मद आसिफ सिद्दीकी, बिलासपुर निवासी कमलजीत कश्यप उर्फ जीतू तथा चोरी का माल खरीदने के आरोप में बिलासपुर निवासी जय कुमार सोनी, तखतपुर निवासी राजेश कुमार सोनी तथा रायपुर, बिरगांव निवासी भूषण कुमार देवांगन को गिरफ्तार किया है।

## बैठक

### जनपद पंचायत डोंडी अध्यक्ष बसंती की अध्यक्षता में हुई सामान्य समिति की बैठक

# निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर सदस्यों ने उठाए सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

गुरुवार को जनपद पंचायत डोंडी अध्यक्ष बसंती दुग्गा की अध्यक्षता में इस पंचवर्षीय की सामान्य प्रशासन समिति की अंतिम बैठक हुई। बैठक में डोंडी ब्लॉक में चल रही विभिन्न शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी जनपद पंचायत डोंडी के पदाधिकारी को दी गई।

बैठक में सीईओ डीडी मंडले ने उद्यानिकी तथा कृषि विभाग के अफसरों से कहा कि विभागीय अफसर तालमेल बनाकर काम करें और शासन के योजना तथा सब्सिडी का लाभ किसानों को अधिक से अधिक दिलाने के लिए काम करें। जनपद उपाध्यक्ष पुनीत राम सेन जनपद सदस्य संजय बैस राजेश चुरेंद्र ने कहा कि पिछले गर्मी के मौसम में सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए तुलुटोला नहर लाइनिंग और अरमुरकसा नहर लाइनिंग के कार्यों में विभागय अधिकारी तथा संबंधित ठेकेदार गुणवत्ता पूर्वक कार्य नहीं करने के कारण नहर लाइनिंग पहली बारिश में उखड़ गई है। अरमुरकसा के पास 20 मीटर लंबा नहर लाइनिंग बह गई और 50 फीट गहरा हो गया है। नहर लाइनिंग बहाने के दौरान वहां से निकले मलबा से किसानों के खेत की फसल को नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई कौन करेगा। साथ ही कहा कि तुलुटोला डायवर्सन में लिमहाटोला के पास तथा बामणी डायवर्सन में भी कई जगह से सीमेंटीकरण वाली लाइनिंग उखाड़ने की शिकायतें आई हैं। सरकारी कार्य में भी गुणवत्ता पूर्वक कार्य करें।





### की जाएगी पशु गणना

पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा हर 5 साल में पशु संगणना कराई जाती है जिसके अंतर्गत नवंबर दिसंबर जनवरी-फरवरी महीने में होता है। उन्होंने बताया कि गाय बैल भैंस बकरी बकरा कुत्ता खरगोश आदि की गिनती गांव के पंच सरपंच पार्षद के साथ को साथ रखकर किया जाएगा। इसके लिए डोंडी ब्लॉक में 18 प्रगणक है तथा 5 सुपरवाइजर विभाग द्वारा नियुक्त किए गए हैं। पशुगणना के दौरान पशु के नस्ल उम्र किसान पशु के मालिक को केसीसी दुधारू गाय बकरी खरगोश कुत्ता मुर्गी की जानकारी ली जाएगी।

### 67 हजार पौधे तैयार

मत्स्य विभाग के एसके भीमटे ने बताया कि मत्स्य पालन के लिए शासन द्वारा 25 हेक्टेयर तालाब का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें साढ़े 16 हेक्टेयर तालाब को दिया जा चुका है इसमें गुजरा चिपरा जुनवानी कांडे पुसावड खैरवाही हाथीगोर्रा नर्रालगुडा चिखली मरकाटोला आदि शामिल हैं। इसी तरह वन विभाग के अफसर ने बताया कि मनरेगा के अंतर्गत गोटिया में 1 लाख पौधा तैयार करने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध में 67 हजार पौधों को तैयार किया जा चुका है। इसके अलावा घोटिया मंगलतराई उरझे लिमउडीह में कूप कटिंग का कार्य चल रहा है। कुसुमकसा से चिपरा तक तीन किलोमीटर में सड़क किनारे वृक्षारोपण किया गया है।

**पीएम सौर ऊर्जा घर योजना की दी जानकारी:** बिजली विभाग के अफसर ने बताया कि पीएम सौर ऊर्जा घर योजना के तहत 1 किलोवाट बिजली उत्पादन के लिए 30 हजार 2 किलो वाट के लिए 60 हजार रुपए की सब्सिडी दी जाती है 1 किलो वाट में 300 यूनिट बिजली पैदा होती है। इसके लिए जानकारी सीएससी सेंटर से भी ले सकते हैं उद्यानिकी विभाग के द्वारा सब्जी फल फूल पौधे उत्पादन के लिए किसानों को दिए जाने वाले सब्सिडी के बारे में बताया गया बैठक में जनपद सदस्य ललित पोर्ते टीकम नेताम यश राम राणा ज्योति चंद्राकर हेमबती कुलदीप टेमिन निषाद निर्मल कोड़ो उमेद गावडे विभागीय अफसर में बीईओ मनरेगा पीओ एसडीओ वन विभाग महिला बाल विकास बिजली पशु चिकित्सा विभाग के अफसर मौजूद थे।

# मानव चेतना से होता है धीरता वीरता व उदारता का विस्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

समाधान महाविद्यालय एवं समाधान आईटीआई के संयुक्त तत्वावधान में चेतना विकास मूल्य शिक्षा पर आधारित छह दिवसीय युवा कार्यशाला सार्वभौमिक सुख,शिक्षा और सामाजिक एवं प्राकृतिक व्यवस्था को समझने के लिए आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वंदना गीत से किया गया। शिविर के प्रबोधक मानव तीर्थ से शिक्षाविद् एवं फिल्म निर्माता अंकित पोगुला रहे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में मानव की मानसिकता में बदलाव लाने, शब्दों का सही अर्थ जानने, शिकायतों का समाधान ढूंढने की आवश्यकता हैं। मानव की चेतना को जीव चेतना से मानव चेतना में रूपांतरण करने से ही वास्तविक सुख की प्राप्ति होती हैं। जीव चेतना से दीनता, हीनता व क्रूरता आती हैं ,जबकि मानव चेतना से धीरता, वीरता व उदारता का विस्तार होता हैं। इसी क्रम से स्वयं में समाधान, परिवार में समृद्धि, समाज में अभयता, प्रकृति में संतुलन स्थापित होता है। दैनिक दिनचर्या में ध्यान ,अभिप्रेरणा, लक्ष्य, मेहनत व आत्मविश्वास को स्वयं के नियंत्रण में लाने का सुझाव दिया।

शिविर के पांचवें दिन विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए मानव तीर्थ कीरतपुर ले जाया गया, जहां जीवन जीने के सही अनुभवों से परिचित कराया गया। महाविद्यालय के डायरेक्टर डॉ.अवधेश पटेल एवं अविनाश तिवारी ने विद्यार्थियों को जीवन विद्या परिचय शिविर के महत्व को समझाया व जीवन में इसे सही भाव से लाने के लिए प्रेरित किया। छठवें दिन विद्यार्थियों के लिए मूल्यांकन सत्र रखा गया। ट्रेनिंग ऑफिसर हुतेन्द्र कुमार सिन्हा, आईटीआई के अधीक्षक आकाश हिरवानी, ट्रेनिंग ऑफिसर तुकाराम जोशी के साथ अनेक विद्यार्थियों ने भी अपने विचार रखे।

**किया गया सम्मान:** कार्यक्रम के दौरान अतिथियों तथा 80 प्रतिशत उपस्थिति दर्ज करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मंच का संचालन सहायक प्राध्यापिका स्वीटी मलिक ने किया। शिविर में आईटीआई की प्राचार्या आशा झा, महाविद्यालय के उपप्राचार्य लक्ष्मीनारायण साहू, कुलदीप भाटिया, शैलेंद्र मानकर,पीतांबर झा, शुभम गजभिये, निधि तिवारी, संगीता अग्रवाल, विनीता अग्रवाल, रूपेंद्र डहरिया,स्वीटी मलिक, पूजा सिन्हा सहित समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# जिपं सदस्य प्रज्ञा ने किया महिला श्रमिकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

हम आते हैं,भूमिपूजन करते हैं,संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच ,पंच गण हमारा आतिथ्य और सम्मान करते हैं और चले जाते हैं। पर मेरा मानना है असली सम्मान के हकदार ये मजदूर हैं जो हाड़ तोड़ सर्दी ,गर्मी या बरसात में हमारे संकल्प को पूरा करने लगे रहते हैं। सीमेंट के डस्ट, धूल ,मुरम, रेत कीचड़ सब से दो चार होकर निश्चित समयावधि में काम को पूरा करते हैं।

यह बात ग्राम पंचायत बहेरा कुसमी में सीसी रोड के निर्माण के लिए भूमिपूजन कार्यक्रम में पहुंची जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी ने कही। उन्होंने उपस्थित कार्यरत दिहाड़ी मजदूर सोनकुवर, परमा बाई, राधा योगी, देवकी निषाद,दशमत ,साम बाई, रोशनी और सोंकुमारी गुलाल से तिलक कर और श्रीफल देकर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि निर्माण के असली नायक आप सब हैं। आप लोगों के अथक श्रम के फलस्वरूप समाज में हमें सम्मान मिलता है। जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी के सम्मान से अभिभूत महिला श्रमिकों की आँखें खुशी से नम हो गईं। राधा योगी ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है जब कोई जनप्रतिनिधि ने हम श्रमिकों के श्रम को मान दिया है।



एक लाख साठ हजार के लागत से निर्माणाधीन देवांगन पारा से महाराज तालाब पहुँच मार्ग के भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय छत्तीसगढ़ी महासभा के संयोजक डॉ सौरभ निर्वाणी ने कहा कि क्षेत्र के युवा विधायक दीपेश साहू का भी कुसमी से गहरा लगाव है। कुसमी के हर गली खोर में अब भाजपा के विकास की झलक दिखेगी। सरपंच नीमा वर्मा,उप सरपंच छतकुमार देवांगन,भाजपा के युवा नेता मोहन वर्मा,सचिव लेखराम साहू,माखन देवांगन,डेरहा भारती, फत्तेलाल साहू,हेमसिंह वर्मा,भुखन गायकवाड़ चन्द्रकुमार देवांगन, हरीश पांडेय ने जिला पंचायत सदस्य प्रज्ञा निर्वाणी का जिला पंचायत निधि से सीसी रोड का कार्य करवाने आभार व्यक्त किया।

### प्राचीन शिव मंदिर में भगवान शिव का किया जलाभिषेक

भूमिपूजन से पहले अतिथियों ने साहू संघ के परिक्षेत्रीय नेता बल्लू साहू के साथ ग्राम के सबसे प्राचीन शिव मंदिर में जाकर भगवान शिव का जलाभिषेक कर ग्राम वासियों के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना किया,मंचीय कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रभुलाल बर्मन ने किया ।

### मशीन में फंसकर किशोर की मौत, कलेक्टर ने दिए जांच के आदेश

**रायपुर।** धरसींवा थाना क्षेत्र के सिलतरा स्थित गोविंद मिनरल्स की मिक्सर मशीन में एक आदिवासी किशोर की फंसने से मौत हो गई।

घटना की जानकारी मिलने पर कलेक्टर गौरव सिंह ने जांच के आदेश दिए हैं। मृतक की उम्र 16 वर्ष है। बाल श्रमिक कुछ दिन पूर्व ही मुंगेली से मिनरल्स फैक्ट्री में काम करने आया था। कलेक्टोरेट द्वारा जारी बयान के मुताबिक घटना के तत्काल बाद श्रम विभाग, जिला बाल संरक्षण इकाई, बचपन बचाओ आंदोलन तथा पुलिस की संयुक्त टीम घटना स्थल पहुंचकर मामले की पड़ताल में जुट गई है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक किशोर को सोन सिंग ध्रुवे नामक व्यक्ति फैक्ट्री में काम करने लाया था। जांच टीम को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक गोविंद मिनरल्स में पत्थर से सिलिका रैमिंग मास बनाने का कार्य होता है, जहां बड़े बड़े पत्थरों को क्रशर मशीन द्वारा बारीक पाउडर के बदलने के बाद उसमें केमिकल मिलाने का कार्य मिक्सर मशीन में किया जाता है।

# शिवसेना ने की माइक्रो फाइनेंस कंपनियों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

छत्तीसगढ़ शिवसेना बालोद द्वारा कलेक्टर एवं एसपी बालोद को ज्ञापन सौंपते हुए बताया कि जिले में माइक्रो फाइनेंस के नाम पर ग्रामीण इलाकों में आम गरीब महिलाओं के समूह बनवाकर लाखों करोड़ों रुपए लोन के नाम पर बांटे जा रहे हैं। एक-एक समूह को पांच से पन्द्रह बीस माइक्रो फाइनेंस द्वारा लोन दिया गया है।

यह मामला इन बैंकों की कार्यशैली और नैतिकता पर प्रश्न चिन्ह लगता है। शिवसेना जिलाध्यक्ष विजय पारख एवं जिले के शिवसेना नेता डॉ संजीव कुमार ने ज्ञापन के माध्यम से जिले के उच्चाधिकारियों से मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि आम जनता बैंकों के कर्ज़ के बोझ तले न दबे, इसलिए जांच जरूरी है। विजय पारख ने कहा कि गांव की भोली-भाली जनता इस तरह के कुकुरमुत्ते की तरह फैले माइक्रो फाईनेंस के छोटे-छोटे कर्जों से दबती जा रही है और आर्थिक स्थिति डांवाडोल हो रही है। माइक्रो फाइनेंस भारतीय रिजर्व बैंक की गाइड लाइन का पालन करें और शासन की महात्वाकांक्षी जन कल्याणकारी योजनाओं का अक्षरशः पालन हो।



### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि मेरे पक्षकार / क्रेता-कुलदीप कुमार साहू, पिता श्री परमानंद साहू, निवासी ग्राम धरमपुरा, कृषक नगर, जोरा, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) ने विक्रेता / इकरारकर्ता ऋषभ साहू पिता सीताराम साहू निवासी-बिरकोना, तहसील पिपरिया, जिला कबीरधाम (छ.ग.) वाले की इकरारशुदा भूमि जो वाके मौजा बोहारडीह, प.ह.नं. 13, रा.नि.मं. दाढ़ी, तहसील दाढ़ी, जिला बेमेतरा (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 170/2 रकबा 0. 4000 हे. भूमि जो राजस्व अभिलेखों में ललित पिता शंकर गुप्ता के नाम पर दर्ज हैं। जिसको क्रय हेतु मेरे पक्षकार द्वारा इकरारनामा का निष्पादन कर, अग्रीम राशि अदा कर दी गई हैं, केवल पंजीयन की कार्यवाही शेष हैं।

उक्त सम्पत्ति पर जिस किसी भी व्यक्ति, व्यक्तियों, संस्था बैंक, साहूकार, शासकीय, अर्द्धशासकीय विभाग, वित्ती, निकाय, आस-पास के भूमि धारक इत्यादि को उक्त संव्यवहार के संबंध में कोई आपत्ति या दावा हो तो इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्तियाँ मय दस्तावेज के मेरे नीचे लिखे पते पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद म्याद आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा तथा मेरे पक्षकार पर कोई बंधनकारी नहीं होगा।

**सो सूचना जानिए।**

दिनांक 05.12.2024
रायपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**अरविंद कुमार शुक्ला, अधिवक्ता**
**पता-कृष्णा नगर रायपुर (छ.ग.),**
**मो.नं. 7974398338**

### सिम स्वैपिंग कर ठगी तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** सिम स्वैपिंग कर ऑनलाइन ठगी करने के नए पैटर्न में रेंज साइबर पुलिस ने बिलासपुर के एक और जालसाज को गिरफ्तार किया है। ठगी की रकम को यूएसडीटी के माध्यम से अन्य जालसाजों को भेजने के आरोप में गरियाबंद के जालसाज सहित एक अन्य जालसाज को रेंज साइबर पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है। रेंज साइबर पुलिस ने रश्मि से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 88 लाख रुपए ठगी करने के आरोप में पूर्व में गिरफ्तार किए गए उत्तर प्रदेश, बिहार, चेन्नई, कोलकाता के आधा दर्जन जालसाजों के साथ पंजाब, लुधियाना निवासी गुरप्रीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार अलग-अलग खातों में जमा ठगी की पूरी रकम होल्ड करा ली गई है।

KS GROUP
PUNJAB | INDIA



KS 9300 SELF PROPELLED
COMBINE HARVESTER
BOOK NOW
Loan Facility Available
Available on Reasonable Interest Rate
AUTHORISED DISTRIBUTOR
KAMLA MOTORS
G.E. ROAD, GANJPARA, DURG (C.G.)
90398-79080, 94255-50265



घर, खेत एवं प्लाट में पानी
जांच करवाने के लिए संपर्क करे
देश के नंबर 1 ग्राऊंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल
Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।



HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™
आज ही मुफ्त श्रवण परीक्षण कराएं।
श्रवण यंत्र पर भारी छूट | कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श) | स्पीच थेरेपी
हमारी स्टोर छत्तीसगढ़ में: अंबिकापुर • भिलाई • बिलासपुर • रायपुर • जगदलपुर • कोरबा
47 YEARS OF TRUST
130+ EXPERIENCE CENTRES PAN INDIA
Google Rating
PHILIPS Authorized dealer
PHILIPS REXTON HEARING AIDS AVAILABLE
9659 455 455
MAHARASHTRA | TAMILNADU | KERALA | KARNATAKA | ANDHRA PRADESH
TELANGANA | WEST BENGAL | BIHAR | JHARKHAND | CHHATTISGARH

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### हेमलाल, महेश्वर, रूपराम और संतोष बने बूथ अध्यक्ष

**गुरूर।** शक्ति केंद्र पलारी में बूथ अध्यक्षों का चयन किया गया। सर्वसम्मति से बूथ क्रमांक 164 में हेमलाल साहू, बूथ क्रमांक 165 में महेश्वर साहू, बूथ क्रमांक 166 में रूपराम साहू, बूथ क्रमांक 167 में संतोष कुर्रे को सर्वसम्मति से अध्यक्ष के रूप में चयन किया गया। इस अवसर पर शक्ति केंद्र पलारी के चुनाव प्रभारी डॉ हरिकृष्ण गंजीर, सह प्रभारी नंदकुमार साहू, शक्ति केंद्र अरकार के प्रभारी संतोष गंगबेर, शक्ति केंद्र पलारी सह प्रभारी मनीष कुमार साहू एवं शक्ति केंद्र पलारी के समस्त सदस्य उपस्थित थे।

### वीर में शामिल होने सीएम साय को दिया आमंत्रण




**गुरूर।** सर्व आदिवासी समाज द्वारा राजाराव पठार में आयोजित विराट वीर मेला में शामिल होने के लिए आमंत्रण देने सर्व आदिवासी समाज के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। बताया गया कि मुख्यमंत्री ने प्रारंभिक तौर पर आमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

### सरस्वती शिशु मंदिर निपानी में हुआ परख सर्वेक्षण



**बालोद।** सरस्वती शिशु मंदिर निपानी में राष्ट्रीय परख सर्वे आंकलन परीक्षा कक्षा तृतीय एवं कक्षा षष्ठ के बच्चों की मानसिक योग्यता बौद्धिक विकास आधारित परीक्षा आयोजित हुई। इसमें कैलाश पकोडी एवं ममता डांडे निरीक्षक एवं संकुल समन्वयक जितेन्द्र कुमार बघेल एवं नोडल प्राचार्य सेजेस निपानी आरएस नायक, जोन प्रभारी प्राचार्य शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल पीपरछेड़ी जेआर साहू, विद्यालय के संयोजक दिलीप कुमार डहरे, जिला ग्राम भारती बालोद के सदस्य युगल किशोर साहू, प्रधानाचार्य जोत कुमार गंगबेर, समस्त आचार्य उपस्थित थे।

### स्वीपर कन्हैया और रसोइया पत्रिका ने दिया न्योता भोज

**डौंडीलोहारा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला चिल्हाटीकला में न्योता भोज का आयोजन किया गया। जिसमें शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के स्वीपर कन्हैया लाल व रसोईया पत्रिका ने अपने जन्मदिन के अवसर पर, प्राथमिक व मिडिल स्कूल के बच्चों को न्योता भोज के अंतर्गत खीर, पुड़ी स्वयं अपने हाथों से परोसा। जिसे सभी बच्चों ने बड़े ही स्वादिष्ट भाव से उत्साह पूर्वक ग्रहण किया। इस अवसर पर मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक रमन लाल धनेन्द्र व तथा संकुल समन्वयक थानेश्वर लाल साहू ने न्योता भोज कराने के लिए कन्हैया लाल व पत्रिका को धन्यवाद दिया।

# नशीले पदार्थों की तस्करी और इससे जुड़े लोगों पर हो सख्त कार्रवाई : शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टरेट के दिशा सभाकक्ष में एनकॉर्ड नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा पर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। यह समिति जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी और इससे जुड़े अपराधों को रोकने के लिए आयोजित की जाती है। इसका उद्देश्य विभिन्न सरकारी एजेंसियों, राज्य सरकारों और अन्य संबंधित पक्षों के बीच समन्वय बढ़ाना है, ताकि नशीली दवाओं की तस्करी को नियंत्रित किया जा सके और इसके दुष्प्रभावों से समाज की सुरक्षा की जा सके। बैठक में नशीली दवाओं के तस्करों के खिलाफ कार्रवाई, नशीली दवाओं के सेवन से जुड़ी समस्याएं और समाधान, सीमा सुरक्षा और तस्करी के मार्गों की पहचान, कानून प्रवर्तन एजेंसियों के बीच समन्वय बढ़ाना आदि विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में एडीएम प्रकाश भारद्वाज, डीएसपी झा, एनकॉर्ड की टीम उपस्थित थी।

कलेक्टर ने बैठक में पुलिस प्रशासन और एनकॉर्ड टीम को तस्करों के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश दिए है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को नशीली दवाओं की तस्करी और उससे जुड़े अपराधों पर सख्त कार्रवाई करने को कहा। कलेक्टर ने स्थानीय पुलिस, और खुफिया एजेंसियों को तस्करी से जुड़े मामलों की जांच करने, संदिग्ध व्यक्तियों की निगरानी करने और गिरफ्तारियां करने के निर्देश दिए।

## कलेक्टर ने जिला स्तरीय एनकॉर्ड समिति की बैठक में दिए निर्देश




**तस्करों के ठिकानों पर छापामारी :** कलेक्टर ने कहा तस्करों के ठिकानों पर छापेमारी और तलाशी अभियान चलाए जा सकते हैं, जिनमें पुलिस और अन्य एजेंसियां शामिल हो सकती हैं। उन्होंने कहा कि संदिग्ध क्षेत्रों में वाहनों की तलाशी ली जा सकती है, खासकर उन मार्गों पर जहां से अवैध सामान की तस्करी होने की संभावना हो। कलेक्टर ने कहा की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, और इसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध क्षेत्रों में पुलिस बल की गश्त और निगरानी बढ़ाएं

पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने जिले के संदिग्ध क्षेत्रों में जाँच करने का निर्देश दिये हैं, विशेष रूप से नशीली दवाओं की तस्करी, चोरी, या अन्य अपराधों को रोकना और अपराधियों को पकड़ना है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि संदिग्ध क्षेत्रों में पुलिस बल की गश्त और निगरानी बढ़ाई जाए, ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल प्रतिक्रिया दी जा सके। उन क्षेत्रों में रहने वाले संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और उनके गतिविधियों पर नजर रखने के निर्देश। पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर संदिग्ध ठिकानों, गोदामों, या अन्य जगहों पर छापेमारी कर सकती है। पुलिस स्थानीय मुखबिरों की मदद ले सकती है ताकि उन्हें संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिल सके और समय रहते कार्रवाई की जा सके। इस तरह की जाँच का उद्देश्य अपराधियों को पकड़ना और जिले में कानून-व्यवस्था को बनाए रखना होता है।

### फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों में दर्ज मामलों को लेकर कलेक्टर ने दिए निर्देश

# अपराध का संज्ञान लिए जाने के एक वर्ष के भीतर पूर्ण करें विचारण : शर्मा

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने कलेक्टोरेट कक्ष में लैंगिक अपराध से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के अंतर्गत फास्ट ट्रैक विशेष अदालत के लंबित मामलों का निपटारा सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तरीय निगरानी निगरानी समिति की बैठक आयोजित की।

बैठक में बलात्कार एवं पाक्सो अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई के लिए गठित फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों में मामलों का निपटान सुनिश्चित करने के लिए जिला स्तर पर मामलों की निगरानी के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति बैठक में फास्ट ट्रैक विशेष अदालतों बेमेतरा में दर्ज हो रहे मामलों एवं निपटाये गये मामलों की समीक्षा की गयी। समिति द्वारा लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 की धारा 35 में उल्लेखित प्रावधानानुसार बालक का साक्ष्य, विशेष न्यायालय द्वारा अपराध का संज्ञान किये जाने के 30 दिन के भीतर अभिलिखित कराया जाए। विलंब होने की दशा में विलंब का कारण स्पष्ट करते हुये, अपराध का संज्ञान लिये जाने की तारीख से एक वर्ष की अवधि के भीतर विचारण पूरा कराये जाने का प्रयास किया जाने के निर्देश दिए। जिन मामलों में बालक या अन्य किसी का साक्ष्य, विचारण न्यायालय से भिन्न किसी स्थान पर कराये जाने आवश्यकता है वहां दं.प्र.सं. की धारा 284/319 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के प्रावधानानुसार कमीशन के माध्यम से कथन / बयान कराने का अनुरोध, विशेष न्यायालय से किया जाए। वर्तमान में अभियुक्त की उपस्थिति के निरंक प्रकरण लंबित है। भविष्य में अभियुक्त की उपस्थिति के लिए लंबित प्रकरणों में अभियुक्त को उपस्थिति कराने का समुचित अवसर पश्चात उन्हें फरार घोषित कराते हुये आवश्यक विधिक कार्यवाही कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिन मामलों में डी.एन.ए. रिपोर्ट/एफ.एस.एल. रिपोर्ट या अन्य रिपोर्ट जिसे न्यायालय के समक्ष अभियोग पत्र के साथ प्रस्तुत नहीं किया गया है, उसे बुलवाये जाने के लिये न्यायालय का ध्यान आकृष्ट कराते हुये धारा 91,242(2) द.प्र.सं. के तहत आवेदन पेश किया जाकर प्राप्त करने का प्रयास किया जाए।



### डेढ़ वर्ष से ज्यादा पुराने मामलों की प्रतिदिन हो सुनवाई

डेढ़ वर्ष से अधिक अवधि में विचारण के लिए लंबित मामलों को चिन्हांकित करें तथा ऐसे मामलों को प्रतिदिन सुनवाई हेतु रखे जाने का निवेदन न्यायालय से किया जाए और उन मामलों में गवाही की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास किया जाए। न्यायालय के समक्ष विचारण हेतु लंबित प्रत्येक प्रकरण की स्पष्ट जानकारी समिति की बैठक के पूर्व प्रत्येक माह निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराए। जिन मामलों में अंतिम तर्क के लिए नियत है उनमें निर्धारित तिथि को अंतिम तर्क किया जावेगा एवं जिन मामलों में बचाव साक्ष्य हेतु नियत है, उनमें बचाव साक्ष्य की कार्यवाही भी निर्धारित तिथि को पूर्ण कराने का प्रयास किया जाए। अधिकतम मामलों में न्यायालय द्वारा निर्णय दोषमुक्त दिया गया है। दोषमुक्त प्रकरणों का प्रमुख कारण प्रार्थी व पिडिता एवं गवाहों के पक्षद्रोही होना है। इस संबध में विधिक कार्यवाही करने निर्देश दिए गए है।

## छिरहा में स्काउट् गाइड्स द्वितीय सोपान का किया गया शुभारंभ



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी/छिरहा**

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिरहा में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ विकासखण्ड स्तरीय द्वितीय सोपान प्रशिक्षण एवं जांच शिविर का उदघाटन समारोह गुरुवार को समपन्न हुआ। यह शिविर 05 से 07 दिसंबर तक विभिन्न गतिविधियों के साथ सम्पन्न होगा, जिसमे विकासखंड के लगभग 20 स्कूल के स्काउट्स एवं गाइड्स शामिल हुए हैं।

■ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 144 बच्चे कर रहे भागीदारी

इस समारोह में मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह भुवाल, अध्यक्षता सरपंच प्रतिनिधि मृत्युंजय सिंह भुवाल, विशेष अतिथि के रूप में सहा. विकासखंड शिक्षा अधिकारी गजानंद सिंह भुवाल, एसएमसी अध्यक्ष छिरहा रामकुमार सिंह, समाज सेवी प्रदेश पटेल, उप प्राचार्य अनूप वर्मा रहे। इस शिविर में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के 144 बच्चों ने अपनी भागीदारी दे रहे हैं।

**इनका मिल रहा सहयोग:** शिविर में संचालक स्काउट रेवाराम साहू, शिविर संचालक गाइड भगवांतीन देवांगन, जिला प्रशिक्षण आयुक्त महेश साहू, जिला सचिव सत्यनारायण साहू, स्काउटर परस राम साहू, पोखन साहू, रविशंकर सोनी, बुलेश्वर वर्मा, पवन तिवारी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड रजनी रेड्डी, गाइडर उर्मिला दिवाकर, मधु मेरावी, दुर्गा यादव, मीनाक्षी सोनवानी, उपस्थित रहे। प्राचार्य आर. आर. गंगेश्वर, बी. आर. पटेल, टी. के. रात्रे, जितेन्द्र सिन्हा, पी. के. भगोरिया विशेष सहयोगी के रूप में अपना सहयोग प्रदान कर रहे हैं।

## वयोवृद्ध की हेल्थ प्रोफाइल की सूची, टीबी और कुष्ठ के संदेहास्पद मरीजों की खोज होगी कल से



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ यशवंत कुमार ध्रुव के आदेश पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी सह जिला क्षय अधिकारी डॉ. अशोक कुमार बसोड़ के मार्गदर्शन पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। निक्षय निरामय छत्तीसगढ़ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 7 दिसबंर से शुभारंभ किया जाना है। यह अभियान 7 दिसंबर 24 से मार्च 2025 तक चलाया जाना है। उक्त अभियान में टीबी के शंकास्पद मरीजों की खोज, उच्च जोखिम समूहों वाले व्यक्तियों का चिन्हांकन, कुष्ठ शंकास्पद मरीजों की खोज एलसीडीसी वयोवृद्ध स्वास्थ्य संरक्षण कार्यक्रम अंतर्गत वयोवृद्ध की हेल्थ प्रोफाइल की सूची तैयारी किया जाना है।

■ 100 दिवसीय पहचान एवं उपचार अभियान 2024-25 पर कार्यशाला

### ये हुए शामिल

उक्त के संबंध में अभियान संबंधित कार्ययोजना तैयार किए जाने के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित किया गया। जिसमें खण्ड चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, जिला समन्वयक मितानिन, समस्त विकासखण्ड डाटा प्रबंधक, प्रभारी ग्रामीण चिकित्सा सहायक, बीईटीओ, एन.एम.ए., जिला क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के समस्त स्टाफ, एन.एल.ई.पी. के समस्त स्टाफ मौजूद रहा। स्थानीय कार्यालय के संबंधित अधिकारी / कर्मचारी का 4 दिसंबर को कार्ययोजना कार्यशाला हुई। 5 दिसंबर समस्त सेक्टर सुपरवाइजर, समस्त ब्लाक समन्वयक मितानिन, समस्त रेडियोग्राफर को बेमेतरा के रसोई गार्डन में कार्ययोजना तैयार करने कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## दही मही में कलशयात्रा और एक दिवसीय मानस सम्मेलन संपन्न

**15 मानस मंडली ने दी प्रस्तुति, सबका हुआ सम्मान**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| थान खम्हरिया**

समीपस्थ ग्राम दही मही में सेन समाज व श्रीराम सेवा सत्संग मानस समिति के तत्वावधान में, शिव मंदिर में संतोषी मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलशयात्रा निकाली गई। पश्चात मानस पाठ का आयोजन किया गया। आयोजन में लगभग 15 मानस मंडली ने अपने प्रस्तुति दी। सभी मंडली को सेन समाज के द्वारा 301 रुपया, श्रीफल देकर सम्मान किया गया।

समाज द्वारा सभी आगंतुक अतिथि के लिए भोजन, प्रसादी की व्यवस्था रखी गई थी। आयोजन में मानस मंडली थान खमरिया, रगरा, पैंलपार, सूरजपुरा, उमराव नगर, करमू, ग्वारा, खैरझिटीय, वीरेंद्र नगर, गोरमाटी सम्मिलित हुए। इसके बाद अपनी प्रस्तुति दी। श्री राम सेवा सत्संग मानस समिति के संयोजक अनिल सिंघानिया ने अपने संबोधन में नाई समाज के आराध्य चंद्रसेनजी के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि चंद्रसेन जी अपने शासनकाल में मारवाड़ की शक्ति और प्रतिष्ठा को बढ़ाया। उन्होंने मुगलों के विरुद्ध भी कई युद्ध लड़े। विधर्मियों द्वारा हिंदू देवी देवताओं, मठ, मंदिरों में नुकसान पहुंचाया जा रहा है। वह हिंदुओं के साथ बर्बरतापूर्वक हत्या की जा रही है। हिंदुओं को जात-पात में न बंटकर संगठित होने की बात कही। आयोजन के लिए सेन समाज को प्रशंसनीय बताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रहलाद कुमार सेन, ईश्वर सेन, मन्नू, चंदेश्वर, छेदीलाल सेन, राजकुमार सेन, दिनेश सेन, मीनाराम सेन, छगनलाल सेन, दीनदयाल साहू, काशीराम अग्रवाल, लीलाधर चंद्राकर, नारद गंधर्व, बलराम यादव, बलिराम साहू, संतोष पटेल, लालाराम साहू सहित सैकड़ों की संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे। मंच संचालन पीलू राम पटेल ने किया।



आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार
हरिभूमि समाचार पत्र को दुर्ग-भिलाई, कवर्धा, बेमेतरा, बालोद और राजनांदगांव में सर्व कार्य हेतु 10 युवक/युवतियों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो। इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000+
स्वयं के वाहन धारकों को प्राथमिकता
बाहर के अभ्यर्थियों के लिए आवास+भोजन की सुविधा
Resume Whatsapp करें
7489534456, 8319268069
हरिभूमि
ब्यूरो कार्यालय, दुर्गा चौक, राजनांदगांव

### चंद्रिका का जीवन फिर से मुस्कुराया

# उम्मीद व पुनर्जीवन का प्रतीक है मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा**

जिले के छोटे से गाँव जांता के निवासी 60 वर्षीय चंद्रिका चंद्राकर एक साधारण किसान हैं, जो अपनी धर्मपत्नी के साथ रहते हैं। उनका जीवन कठिनाइयों से भरा रहा है। कभी मजदूरी करके जीवन-यापन करने वाले चंद्रिका एक एकड़ से भी कम जमीन पर खेती करके अपना जीवन चला रहे हैं।

कुछ समय पहले, चंद्रिका को दिल से संबंधित गंभीर बीमारी हो गई। परिवार की आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण वह इलाज करवाने में असमर्थ थे। यह समस्या उनके लिए जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष जैसी थी। उनकी बीमारी न केवल उनके शरीर को कमजोर कर रही थी बल्कि उनके परिवार की उम्मीदों को भी धूमिल कर रही थी। इसी दौरान, चंद्रिका को मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के बारे में जानकारी मिली।



यह जानकारी उन्हें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय, बेमेतरा से प्राप्त हुई। उन्होंने तुरंत इस योजना के अंतर्गत आवेदन किया। योजना के तहत उन्हें 9.52 लाख की सहायता राशि स्वीकृत की गई। इस आर्थिक सहायता से चंद्रिका ने रायपुर के मेडिकल कॉलेज में अपनी सर्जरी और इलाज करवाया।

इलाज सफल रहा, और आज चंद्रिका चंद्राकर पूरी तरह स्वस्थ हैं। उनका कहना है कि यदि यह योजना नहीं होती, तो मैं अपना इलाज नहीं करवा पाता। मेरी आर्थिक स्थिति ऐसी नहीं थी कि मैं इतने बड़े खर्च को वहन कर सकूं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना ने न केवल मेरी जान बचाई, बल्कि मुझे और मेरे परिवार को नई जिंदगी दी है। आज, चंद्रिका अपने जीवन को नए सिरे से जी रहे हैं। खेती के कार्य में पूरी तरह सक्रिय रहते हैं और अपने गाँव में योजना की सफलता की मिसाल बन गए हैं। उनकी कहानी अन्य जरूरतमंद लोगों के लिए प्रेरणा है, जो यह संदेश देती है कि सही समय पर मिली सरकारी सहायता से जीवन में कठिन से कठिन परिस्थिति का समाधान संभव है।

### चंद्रिका चंद्राकर : उम्मीद और पुनर्जीवन का प्रतीक

मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना ने न केवल उनके जीवन को बचाया, बल्कि यह भी सिद्ध किया कि सरकार की योजनाएँ जरूरतमंदों के जीवन को बेहतर बना सकती हैं।

मालूम हो कि छत्तीसगढ़ राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने तथा दुर्लभ बीमारियों के इलाज में होने वाले व्यय से बचाने हेतु राज्य शासन द्वारा संजीवनी सहायता कोष का विस्तार करते हुये मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। इस योजना के अंतर्गत चिन्हित दुर्लभ बीमारियों के लिए राज्य के पात्र परिवारों को अधिकतम 25 लाख रूपए तक के इलाज की सुविधा प्रदान की जाएगी। छत्तीसगढ़ ऐसा पहला राज्य है, जो इतनी बड़ी राशि अपने राज्य के नागरिकों के इलाज हेतु प्रदान कर रहा है जिससे स्वस्थ एवं बेहतर छत्तीसगढ़ का निर्माण किया जा सके।